भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3034

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि

3034. श्री राजू बिष्ट:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक पश्चिम बंगाल को केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) इसी अवधि के दौरान सीआरआईएफ के अंतर्गत दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों में आरम्भ की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सीआरआईएफ परियोजनाओं के अंतर्गत दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों में वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्ष 2019 से अब तक केंद्रीय सड़क अवसंरचना कोष (सीआरआईएफ) के तहत पश्चिम बंगाल को आवंटित कुल राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	आवंटित राशि (करोड़ रुपये में)
1	2019-20	224.70
2	2020-21	209.20
3	2021-22	213.97
4	2022-23	240.31
5	2023-24	275.67
6	2024-25	272.75
7	2025-26	299.40

(ख) इसी अवधि के दौरान दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में सीआरआईएफ के तहत शुरू की गई परियोजनाओं का विवरण संलग्न है।

(ग) सीआरआईएफ के अंतर्गत परियोजनाओं को राज्य सरकार द्वारा अनुशंसित कार्य को, परस्पर प्राथमिकता के आधार पर, केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत की जाती है और राज्य सरकार को जारी की गई धनराशि संचित निधि के रूप में होती है। इसे जिला वार जारी नहीं किया जाता है। पश्चिम बंगाल राज्य में दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों में परियोजना के लिए उपयोग की गई सीआरआईएफ धनराशि का वर्षवार विवरण नीचे दिए गए हैं:

क्रम सं.	वित्तीय वर्ष	पश्चिम बंगाल राज्य की समेकित निधियों से दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों के लिए उपयोग की गई धनराशि * (करोड़ रुपये में)
1	2019-20	10.45
2	2020-21	5.35
3	2021-22	4.00
4	2022-23	4.50
5	2023-24	41.54
6	2024-25	10.50
7	2025-26	4.0

*इसमें वर्ष 2019-20 से पहले स्वीकृत कार्य भी शामिल हैं

अनुलग्नक

'केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ)' के संबंध में श्री राजू बिस्टा द्वारा दिनांक 18.12.2025 को लोकसभा के अतारांकित प्रश्न 3034 के भाग (ख) के उत्तर के संदर्भ में अनुलग्नक

क्रम सं.	**परियोजना का नाम**	**ज़िला**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रुपये में)**	**वर्तमान स्थिति**
1	पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में उत्तर बंगाल निर्माण प्रभाग के अंतर्गत सीआरआईएफ के तहत मतिगारा-कुर्सियोंग सड़क (एसएच-12) के 0.00 किमी से 7.00 किमी तक सुदृढ़ीकरण और 7.00 किमी से 11.00 किमी तक सतह निर्माण तथा एनएच-31 (पुरानी मतिगारा सड़क) से जुड़ने वाली एक संपर्क सड़क के 0.00 किमी से 1.20 किमी तक सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।	दार्जिलिंग	20.14 (वर्ष 2022-23)	पुरा हो गया
2	दार्जिलिंग जिले में एसएच-12ए (बरशमन रोड) पर 5/9 किमी रेलवे पोस्ट पर सिलीगुड़ी टाउन रेलवे स्टेशन से सिलीगुड़ी जंक्शन रेलवे स्टेशन के बीच और एयर-व्यू मोड़ से झंकार मोड़ के बीच प्रस्तावित अतिरिक्त (सड़कोपरि) और पहुंच मार्ग रैंप।	दार्जिलिंग	61.54 (वर्ष 2017-18)	89% (प्रगति)

****